**छपरा में नकली नोटों का कारोबार पकड़ा गया, एक धंधेबाज गिरफ्तार, 8 लाख 75 हजार 500 रुपये के नकली नोट बरामद**



छपरा 02 अक्टुबर 2024। छपरा के भगवानबाजार थाना क्षेत्र में एक बड़ी कार्रवाई करते हुए पुलिस ने नकली नोट बनाने वाले एक धंधेबाज को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार व्यक्ति गुजरात का रहने वाला है और पहले भी ठगी के मामले में शामिल रहा है। पुलिस ने उसके पास से 8 लाख 75 हजार 500 रुपये के नकली नोट के साथ कई अन्य सामान भी बरामद किए हैं।

पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि दिल्ली होटल में एक ठग गिरोह सक्रिय है। पुलिस ने होटल में छापा मारा और अनिस अशोक सपरा नामक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। उसके पास से नकली नोटों के अलावा मोबाइल, चेक, आधार कार्ड आदि बरामद हुए। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

गिरफ्तार शख्स के पास से 8 लाख 75 हजार 500 रुपये के नकली नोट, 2 मोबाइल,26 सादे चेक और 4 हस्ताक्षरित चेक, आधार कार्ड, अन्य सामान बरामद किया गया है।

इस कार्रवाई को पु०नि० सुभाष कुमार सह थानाध्यक्ष, स०अ०नि० चंद्र प्रकाश, स०अ०नि० महताब खान, थाना के अन्य कर्मी शामिल रहे।

यह कार्रवाई नकली नोटों के कारोबार पर एक बड़ा झटका है।
गिरफ्तार व्यक्ति से पूछताछ जारी है। पुलिस इस मामले में अन्य लोगों की तलाश कर रही है।

Source: https://newsfact.in/fake-currency-notes-business-caught-in-chhapra-a-businessman-arrested-fake-notes-worth-rs-8-lakh-75-thousand-500-recovered/